# मंडियों में बारदाना वितरण, गेहूं उठाव में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर



हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने जंक्शन स्थित अनाज मंडी का निरीक्षण किया।

- अब मंडी सचिव को प्रतिदिन फर्म की बारदाना आवक और उठाव स्थिति की रिपोर्ट देनी होगी
- साथ ही समस्या और प्राप्त शिकायत का विवरण भी लिखना होगा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की अनाज मंडियों में बारदाना वितरण, गेहूं उठाव और अन्य आवश्यक कार्यों में अनियमितता बरतने वाले कार्मिकों व एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई होगी। जिला कलेक्टर कानाराम ने ऐसे व्यक्तियों की कार्यप्रणाली की निगरानी के लिए सख्त आदेश दिए हैं।

अब मंडी सचिव को प्रतिदिन फर्म की बारदाना आवक और उठाव स्थिति की रिपोर्ट देनी होगी। इसमें मंडी सचिव का नाम, क्रय एजेंसी, बारदाना प्राप्त करने वाली फर्म, गत दिवस से वर्तमान तक कुल गेहूं आवक व उठाव की स्थिति, फर्म के पास बारदाना की मात्रा और बारदाना वितरण व गेहूं उठाव में अनियमितता के लिए जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी का नाम और पदनाम की जानकारी देनी होगी। साथ ही समस्या और प्राप्त शिकायत का विवरण भी लिखना होगा।

जिला कलेक्टर ने मंगलवार सुबह जंक्शन स्थित अनाज मंडी का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने किसानों से बातचीत उनके सुझावों पर नियमानुसार कार्यवाही कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में अनाज के उठाव की स्थिति देखते हुए एफसीआई के प्रतिनिधियों को समयबद्ध उठाव और भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने रीको परिसर और टाउन में कृषि मंडी पहुंचकर तौल पर्चियों और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने पारदर्शिता से खरीद, समयबद्ध भुगतान, आवागमन के लिए अनाधिकृत पार्किंग हटाने, किसानों के लिए छाया-पानी की समुचित व्यवस्था करने, बारिश की स्थिति में अनाज को ढकने, गेहूं खरीद और बारदना वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बरतने, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करने, आगामी फसल की उगाई, देखभाल और खराब मौसम से बचाव की जानकारी देने सहित कई दिशा-निर्देश दिए।

कृषि विपणन विभाग के उपनिदेशक देवीलाल कालवा ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद 30 जून तक की जायेगी। किसानों से आग्रह कि वे मंडी पहुंचने में जल्दबाजी नहीं करें। व्यापारियों से भी आग्रह है कि वे किसानों से भी इस संबंध में संवाद करें।

निरीक्षण में जिला रसद अधिकारी सुनील घोडेला, उपरजिस्टार सहकारिता मनोज मान, मंडी सचिव, एफसीआई के गुणवत्ता निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी और एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**निर्धारित मानकों में मिली छूट :** भारत सरकार उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीद में निर्धारित मानकों में छूट दे दी है। इलाके के किसानों के लिए बड़ी फायदेमंद साबित होगी। इसी के साथ अब एमएसपी पर गेहूं की खरीद में तेजी आयेगी। श्रीगंगानगर मंडल में एफसीआई को इस सीजन में 12 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद करने का लक्ष्य है।

खात्र मंत्रालय की सहायक निदेशक (भंडारण एवं अनुसंधान प्रभाग) डॉ. प्रीति शुक्ला ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग जयपुर की सचिव को परिपत्र जारी किया है।

इसमें श्रीगंगानगर सहित राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की गेहूं की गुणवत्ता के निर्धारित मानकों में छूट दी गई है।

## हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**झुंझुनूं,**(निसं)। शहर के एस एस मोदी विद्या विहार के प्रांगण में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल व प्राचार्य विजय मसीह ने रामदरबार की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्य ने रामभक्त हनुमान के जीवन से प्रेरणा लेकर हर कार्य को पूरी निष्ठा से करने की बात कही। उन्होंने बच्चों को बताया यदि किसी कार्य में बाधा आए तो उसका डटकर मुकाबला करना चाहिए और अपने कार्य के प्रति पूरा समर्पण होना चाहिए। प्रार्थना सभा में समस्त छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय के समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया।

विद्यालय परिसर में ही शाम के समय संगीत शिक्षक आत्माराम जांगिड एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ ने सुंदरकांड पाठ व आरती कर हनुमान जी का आशीर्वाद माँगा। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रसाद वितरण कर सभी ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांतमोदी, ऋिष कुमार बरासिया व गिलूराम मोदी ने हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सार-समाचार

### विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण



गोदित गांव स्वरूपदेसर विद्यालय के छात्रों ने महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय का भ्रमण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के गादित गांव स्वरूप देसर के विद्यालय के छात्रों ने विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। गोदित गांव प्रभारी उमेश शर्मा ने उनको उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित कर उनके सर्वांगीण विकास के लिए इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने यहां विश्वविद्यालय की प्रशासनिक एवं यहां के शैक्षणिक अनुभवों का प्रमाण किया। जिसमें उन्होंने यहां के विद्यार्थियों से मिलकर उनसे अपने विचार साझा किया। इसके लिए विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की केन्द्रीय पुस्तकालय का भी भ्रमण किया। जिसमें उन्होंने पुस्तकालय में लगे आरएफआईडी सिस्टम को समझा एवं उसका उपयोग कर इसकी उपयोगिता को जाना। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शोध निदेशक डॉ अभिषेक वशिष्ठ ने सभी छात्रों को उच्च शिक्षा में प्रवेश हेतु आवश्यक शिक्षा एवं इसमें होने वाले लाभ एवं शोध के विषय में उनका ज्ञानवर्धन किया। अंत में विद्यालय के शिक्षक विनोद एवं विपिन ने विश्वविद्यालय के बारे में अपने विचारों को साझा किया।

### विद्यार्थियों को जीवन की सीख दी



सेमिनार में गुरू मां चेतन्य मीरा ने मोटिवेशन स्पीच के माध्यम से विद्यार्थियों जीवन की सीख दी।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। आजकल की भाग दौड़ की जिंदगी में अपने लिए वक्त किसी के पास नहीं होता। शिक्षा, घर परिवार, नौकरी, व्यवसाय, इन्ही में हर आदमी उलझा हुआ है। आज पैसे के पीछे भागते भागते स्वास्थ्य, मानसिक शान्ति, अध्यात्म जैसे जिंदगी की आवश्यकता दूर होती जा रही है। इन्ही सब चीजों की जिंदगी में महत्ता व जीवन को कैसे सरल बनाये इन सब बातों की जानकारी सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में गुरू मां चेतन्य मीरा ने दी। जैन आई टी आई के योगा मेडिटेशन हाल में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब श्री गंगानगर ईस्ट व रोटरी कल्ब श्री गंगानगर डायनेमिक ने करवाया था। कार्यक्रम में रोटरी क्लब डायनेमिक अध्यक्षा डॉ रजनी अग्रवाल, रोटरी क्लब ईस्ट से अध्यक्ष विकास जैन, कोषाध्यक्ष भरत बंसल, पूर्व अध्यक्ष अनिल टांटिया, रोटे पूर्व अध्यक्ष सूरज अग्रवाल, रिटायर्ड एडिशनल कमिश्नर वेद मित्तल, डॉ हिमांशु आहूजा, आई टी आई कॉलेज स्टाफ एवं ट्रेनीज उपस्थित थे।

### 101 फलदार पौधे वितरित

**रतनगढ़,**(निसं)। स्थानीय रा.उ.मा.वि.बुधवाली में कार्यरत शिक्षक धर्मवीर बिजारणियां और उनकी धर्मपत्नी मनोज जानू ने अपने पुत्र के जन्मोत्सव पर 101 फलदार पौधे वितरित कर नई पहल की है। शिक्षक प्रकाश चौधरी ने बताया की विगत दिनों विद्यालय में हरित विद्यालय कार्यक्रम में पधारे अंतराष्ट्रीय पर्यावरण पुरस्कार प्राप्त पर्यावरणविद् श्यामसुंदर ज्याणी बीकानेर विश्वविद्यालय के पारिवारिक वानिकी के कार्यों से प्रेरणा लेकर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक छोटा सा कदम उठाया है जो की निश्चित ही समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस तरह के कार्यक्रमों से पर्यावरण के प्रति आम जन में चेतना आएगी। सामाजिक कार्यक्रमों को हम पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण से जोड़कर इस अभियान को और आगे बढ़ाएंगे तो पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज और ज्यादा जागरूक होगा।

### पांच दिवसीय योग शिविर आयोजित

**झुंझुनूं,**(निसं)। झुंझुनूं पतंजलि योग समिति द्वारा इंदिरा पार्क चुणा चौक में आयोजित पांच दिवसीय योग, विज्ञान एवं ध्यान शिविर के तीसरे दिन पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार के सानिध्य में प्रणायाम एवं विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय योगा खिलाडी सुदेश चौधरी एवं विशाल कुमार ने आर्टिस्टिक एडवांस योगा का बेहतरीन प्रदर्शन किया एवं कठिन आसनों का अभ्यास किया। योग शिविर संयोजक नवीन खंडेलिया ने बताया की इंदिरा पार्क चुणा चौक में योग क्लास सुबह 5 बजे से 7 बजे तक पिछले दस वर्षो से निःशुल्क आयोजित की जा रही हैं उन्होंने कहा की योग हमारी ऋषि परम्परा हैं, समिति की तरफ से योगा खिलाडी सुदेश एवं विशाल को साफा एवं अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया।

# श्योपुरा बालाजी धाम में रात्रि जागरण में उमड़ा जन सैलाब



चूरू के निकटवर्ती श्योपुरा बालाजी धाम में आयोजित रात्रि जागरण में भजनों की प्रस्तुति दी।

**चूरू,**(का.सं.)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम श्योपुरा बालाजी धाम में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विषाल शोभायात्रा व भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया गया।

जागरण में एक से बढ़कर एक सजीव झांकियां सभी के आकर्षण का केंद्र रही। दो दिवसीय कार्यक्रम में मंदिर परिसर की भव्य सजावट की गई। पुजारी हरिचरण शर्मा ने बताया कि,सोमवार प्रात: 11 बजे मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक किया गया। सांय 7:30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रात्री 8 बजे महाआरती की गई और रात्री 10 बजे से रात्री जागरण का आयोजन किया गया।

पुजारी हरिचरण शर्मा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। पुजारी ने श्री बालाजी ने लाड लडावे माता अंजना मेरी विनती सुनो हनुमान धरू मैं थारो ध्यान, पवन का प्यारा मां अंजना का लाड दुलारा.सहित अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में श्योपुरा के बाबुलाल सैनी ने झालर शंख नगारा बाजे रै..आणौ है पवन कुमार म्हारे कीर्तन में भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। चूरू के गायक कलाकार संजय शर्मा ने आज हनुमान जयंती है, ऐसा लगता है पूरे संसार में मनती है। डॉ. सुशील हारित ने वीर बजरंगबली मुझे तेरा ही सहारा हैआदि भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेहुल शर्मा ने छोटो सो बांदर हटकरग्यो सवामणी का लाडू सारा चट करग्यो सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। मंदिर के पुजारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि सिरसा के माइकल मुकेश के सानिध्य में महाबली हनुमान, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और महाकाली की सजीव झांकियां सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

मंगलवार को मंदिर परिसर से बालाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## बालाजी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**सूरतगढ़,** (कासं)। हाईवे पर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में हवन के साथ बालाजी की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हनुमान जन्मोत्सव के शुभ मुहूर्त में की गई।

मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य मंगल देरासरी के अनुसार पांच दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन मंदिर परिसर में रायसिंहनगर के पं. सुनील शास्त्री की अगुवाई में पं. दीनदयाल व्यास, पं. अशोक शास्त्री, पं. मुकेश शास्त्री, पं. घनश्याम शास्त्री व पं. चेतन शास्त्री ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न करवाया। इस दौरान मुख्य यजमान महेंद्र सिंह शेखावत-संतोष कंवर सहित नत्थूराम-शारदा, महावीर-पार्वती, केवल कृष्ण-आशारानी गाबा, प्रमोद-पूजा स्वामी, मनोज-मंजू, रवि-संगीता आदि ने आहुतियां दी। हवन के बाद बालाजी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण कर आरती की गई। सीयाराम जय-जय सियाराम... का संगीतमय जाप भी किया गया। मंदिर पुजारी व प्रबंधक ओमप्रकाश देरासरी ने चूरमा व फलों की सवामणी का प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। व्यवस्थाओं में महावीर प्रसाद देरासरी, आर.के. गुम्बर, ओम जोशी, पूराराम, जयभगवान शर्मा आदि ने सेवाएं दी।

# जानवर के हमले में 14 भेड़ व तीन बकरियों की मौत

- गांव थान मठुई में पशुपालक पर टूटा संकट का पहाड़

सादुलपुर, (निसं)। निकटवर्ती गांव थान मठुई में रिवाडे में बंधी भेड बकरियों पर किसी अज्ञात जानवर द्वारा हमला कर 17 भेड बकरियों को मौत के घाट उतारने एवं 07 के गंभीर घायल करने को लेकर मंगलवार को पीडित ने राजगढ थाने में मामला दर्ज करवाया है। थान मठुई गांव का महेंद्र मेघवाल उम्र 60 साल गत 30 सालों से भेड बकरियों को पालकर अपने परिवार का पालन पोषण कर आ रहा था तथा यही उसकी आजीविका का साधन है। पीडित ने बताया कि अज्ञात जानवर के हमले के कारण 14 भेड तथा 3 बकरियों की मौत हो गई तथा 7 भेड बकरियां गंभीर रूप से घायल हो गई है। उन्होंने बताया कि करीबन दो लाख से अधिक की कीमत की भेड व बकरियों की मौत हो गई तथा 7 गभीर रूप घायल है। पीडित ने बताया कि उसकी रोजी-रोटी छिन गई है। पीडित ने बताया कि वह गत 3 सालों से भेड बकरियों को पालकर अपना जीवन बसर कर रहा था। लेकिन अचानक अज्ञात जानवर के हमले के भेड बकरियों की मौत एवं घायल की घटना के कारण उसकी हिम्मत टूट गई है। तथा रोजी-रोटी का भी संकट खडा हो गया है। पीडित ने बताया कि उसके दो पुत्र एक पुत्री है। जिसमें बडा पुत्र संजय 20 वर्ष, छोटा पुत्र सुनील 15 वर्ष 18 वर्षीय पुत्री माडी जो मंदबुद्धि है। संजय थोडा पढा लिखा है, जबकि छोटा पुत्र और पुत्री स्कूल नहीं गए। लेकिन अचानक हुए नुकसान की भरपाई होना तो दूर की बात बात है। मगर उस पर तो संकट का पहाड टूट पडा है। इस सम्बंध में थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि गांव थान मठुई निवासी 60 वर्षीय महेंद्र मेघवाल ने मंगलवार को मामला दर्ज करवाकर बताया कि 22 अप्रैल 2024 की रात्रि को हमेशा की तरह वह अपने खेत में बने रिवाडे में अपनी भेड बकरियों को बंद करके रात्रि को सो गया था। पीडित ने बताया कि मध्य रात्रि 1.3० बजे के लगभग भेड बकरियों के शोर की आवाज सुनाई दी तो वह उठकर मवेसियों के पास जाकर देखा तो 3 बकरी, 14 भेड मृत अवस्था में पाई गई। तथा 7 भेड गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली।

# आवारा पशु व श्वानों के आतंक से बचाने की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय वाल्मीकि नवयुवक कांग्रेस ने वार्ड नं. 39 रामपुरा बस्ती लालगढ़ की गली नं 11-12 में आवारा पशु गाय-गोधों व श्वानों के आतंक से मोहल्ला वाली व राहगीरों को बचाने व भय मुक्त वातावरण देने की मांग बीकानेर नगर निगम प्रशासन से की है।

इस संबंध में संगठन की शहर जिला शाखा अध्यक्ष अभिषेक वाल्मीकि ने बताया कि रामपुरा लालगढ़ बस्ती की गली नं. 11-12 में विद्युत ट्रांसफार्मर स्थित गली में रात्रि समय आवारा पशु खुली गलियों में बैठने, आपस में लड़ने हमला करने तथा श्वानों द्वारा काटने जैसी घटनाएं आम बात हो गई है।

अभिषेक वाल्मीकि ने बताया कि गाय-गोघा द्वारा गोबर की गंदगी फैलाने व कुत्तों द्वारा बींटे करने से पूरी गलियां अटी पड़ी हैं। जिससे हर समय गदंगी फैल रही है। मौहल्ला वासियों का रहना दूभर हो गया हैं। ऐसे में निगम प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। भारतीय वाल्मीकि नवयुवक कांग्रेस शहर जिला शाखा अध्यक्ष ने निगम आयुक्त अशोक असीजा, डीडीआर उप-निदेशक व वार्ड पार्षद जितेन्द्र सिंह भाटी को परिवेदना प्रेषित कर आवारा गाय-गोदों को पाबंद कर गौशालाओं में भेजने व कुत्तों को पकड़वाने का आग्रह किया हैं। जिससे आमजन को राहत मिल सकें।

## आठ मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित

**बीकानेर,**(कासं)। सहायक औषधि नियंत्रक विभाग द्वारा की जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 8 मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञा पत्र निलम्बित किए गए।

सहायक औषधि नियंत्रक देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि महाजन स्थित भव्या मेडिकल एंड जनरल स्टोर का अनुज्ञापत्र 3 दिन के लिए, पूगल स्थित धतरवाल मेडिकल स्टोर, सत्तासर स्थित अमित मेडिकल एंड जनरल स्टोर के अनुज्ञापत्र 5 दिनों के लिए, फड़ बाजार स्थित गौरी मेडिकल स्टोर, नोखा स्थित हिम्मत इंपैक्स का 8 दिन के लिए निलंबित किया।

# गेहूं की सरकारी खरीद में किसानों को राहत

- सिकुड़े व टूटे हुए गेहूं की सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक छूट दी

**हनुमानगढ़,**(कासं)। केन्द्र सरकार ने गेहूं की सरकारी खरीद में किसानों को राहत दी है। इस संबंध में मिनिस्ट्री की सहायक निदेशक डॉ. प्रीति शुक्ला ने आदेश जारी किए। सिकुड़े व टूटे हुए गेहूं की सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक छूट दी गई है।

चमक विहीन गेहूं की सीमा की 70 प्रतिशत तक छूट दी गई है जबकि क्षतिग्रस्त व थोड़ा क्षतिग्रस्त की 6 प्रतिशत तक की खरीद में छूट दी गई है। यह आदेश पूरे राजस्थान के किसानों से गेहूं खरीद के संबंध में जारी किए गए हैं। भारतीय खाद्य निगम के स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मिनिस्ट्री से आई टीम की ओर से जो सैम्पल एकत्रित किए गए थे।

इन सैम्पल के एनालाइज के बाद स्पेसिफिकेशन में छूट दी गई है। इसके तहत सिकुड़े और टूटे हुए दानों में 20 प्रतिशत तक छूट है। इसमें किसी प्रकार का कोई वेल्यू कट नहीं लगेगा। यह किसानों के लिए सबसे बड़ी राहत की बात है। उन्होंने बताया कि खरीफ की खड़ी फसल के समय बारिश होने की वजह से गेहूं का दाना चमक विहिन हो गया था।

सरकार की ओर से 70 प्रतिशत तक छूट दी गई है। इसमें किसी प्रकार का वेल्यू कट नहीं लगेगा। किसानों को 2400 रूपए प्रति क्विंटल के अनुसार ही भुगतान होगा। जंक्शन धानमण्डी में 481 किसानों से 9587.5 एमटी गेहूं की खरीद की गई है।

# एस.के.आर.ए.यू. में दीक्षांत समारोह 11 जून को, तैयारियों को लेकर बैठक ली



स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो. अरूण कुमार ने बैठक ली।

- दीक्षांत समारोह को लेकर समन्वय व प्रोटोकॉल, पंजीकरण सहित 15 समितियां बनाई

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में 20 वां दीक्षांत समारोह 11 जून को आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र होंगे। दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति डॉ अरूण कुमार ने वीसी सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए दीक्षांत समारोह बड़ा उत्सव है। लिहाजा समितियों के संबंधित संयोजक व सदस्य दिए गए कार्य में कोई कोताही न बरतें। साथ ही कहा कि कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी सभी समितियों के कार्यों की मॉनिटरिंग करेंगे। इससे पूर्व वीसी के ओएसडी इंजीनियर विपिन लड्ढा ने पिछले दीक्षांत समारोह के दौरान गठित की गई समितियों के पुनर्गठन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। विदित है कि दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर समन्वय व प्रोटोकॉल, पंजीकरण, प्रकाशन समिति समेत करीब 15 विभिन्न समितियां बनाई गई हैं।

कुलपति डॉ अरूण कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह में कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि संकाय, सामुदायिक विज्ञान संकाय व आईएबीएम के स्नातक ( यूजी) 2022-23 और स्नातकोत्तर (पीजी) व पीएचडी के 1 जुलाई 2022 से 31 दिसंबर 2023 तक पास हुए स्टूडेंट्स को उपाधि ( डिग्री) प्रदान की जायेगी। समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा।

साथ ही कृषि विश्वविद्यालय के एक टॉपर विद्यार्थी को चांसलर स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जायेगा। कुलपति ने बताया कि इसके अलावा राज्यपाल कृषि विश्वविद्यालय के संविधान पार्क, कृषि महाविद्यालय में बने नए हॉस्टल व पानी की टंकी का लोकार्पण भी करेंगे। बैठक में कुलपति डॉ अरूण कुमार के अलावा कुल सचिव डॉ देवाराम सैनी, वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री, अनुसंधान निदेशक डॉ पी.एस. शेखावत, प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ सुभाष चंद्र आदि मौजूद थे।

# बाल विवाह, पोक्सो एक्ट व वृद्धजन सम्मान पर जानकारी दी




भीनासर स्थित अर्हम इंग्लिश अकेडमी में विधि दिवस कार्यक्रम को अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रैना शर्मा ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। भीनासर स्थित अर्हम इंग्लिश अकेडमी में विधि दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रेना शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को निडरता से पेश आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थियों के व्यवहारिकता के विपरीत कार्य या बर्ताव हो तो उसकी तुरंत शिकायत अपने अभिभावकों के माध्यम से स्थानीय पुलिस को दी जानी चाहिए। स्कूलों में भी गरिमा पेटी के माध्यम से शिकायत की जा सकती है। विद्यार्थी गुरूजनों अपने माता-पिता एवं अभिभावकों का सम्मान करें। उन्होंने बाल विवाह पोक्सो एक्ट वृद्धजन सम्मान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में जानकारी कराते हुए समाज में सुयोग्य नागरिक तैयार होने की जिम्मेदारी का भी अहसास करवाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्हम इंग्लिश एकेडमी के सचिव सुरेंद्र कुमार डागा ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन के विकास के लिए किसी भी गलती को प्रश्रय न दें। विद्यार्थियों को कभी अव्यवहारिकता अमानवता अथवा अत्याचार सहन नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था की शिकायत संबंधित प्लेटफार्म के माध्यम से करनी चाहिए। इस प्राधिकरण का जो हमें समय-समय पर विद्यालय में पधार कर जागरूकता का संदेश देते हैं। आभार ज्ञापन संस्था की प्रबंध निदेशक का रमा डागा ने किया।